# CG TET ALL PREVIOUS YEAR QUE. (HINDI) [EXAM YEAR – 2022]

01. पीताम्बर = पीला कपड़ा (विशेष-विशेष्य) उसके आधार पर सही विकल्प चुनिए।

(a) तत्तपुरुष समास

(b) कर्मधारय समास

(c) अव्ययीभाव समास

(d) द्वन्द्व समास।

02. 'माता ने बालक को लड्डू से प्रसन्न किया' इस कथन में 'लड्डू से' क्रिया सम्पन्न होने का भाव प्रकट होता है। अतः जो शब्द क्रिया के साधन को प्रकट करता है उसे कौन-सा कारक कहा जाता है ?

(a) कर्म कारक

(c) सम्प्रदान कारक

(b) अपादान कारक

(d) करण कारक

03. मनुष्य और जानवरों की भाषा में अन्तर होने का प्रमुख कारण है-

(a) मानव मस्तिष्क का अधिक विकसित होना

(b) मानव का सामाजिक संबंध होना

(c) जानवरों को प्रशिक्षित न कराना

(d) मनुष्य और जानवरों की शारीरिक संरचना

04. प्राथमिक स्तर पर बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति के विकास में सबसे अधिक प्रभावी गतिविधि हो सकती है-

(a) चित्र दिखाकर कहानी कहलवाना

(b) कहानी को शब्दशः दोहराना

(c) घटना का वर्णन करना

(d) कहानी को अपनी बोली / भाषा में कहना।

05. सामान्यतः बालक ध्वनि को सुनकर प्रतिक्रिया देना प्रारंभ कर देता है-

(a) 6-7 माह में

(b) 2-3 वर्ष में

(c) 8-10 माह में

(d) 4 वर्ष में।

06. प्राथमिक स्तर में भाषा शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए-

(a) वर्ण पढ़ने की क्षमता का प्रमुख उद्देश्य होना

(b) शब्दों का शुद्ध उच्चारण करना

(c) बच्चों की कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता को विकसित करना

(d) विरामचिन्हों का प्रयोग की क्षमता विकसित करना।

07. निर्देशः दिए गए रिक्त स्थानों के लिए सही विकल्प का चयन करें। जिन स्वरों के उच्चारण में तिगुना समय लगता है उन्हें. स्वर से लगभग स्वर कहते हैं।

(a) प्लुत / ह्रस्व

(b) ह्रस्व / प्लुत

(c) इस्व / दीर्घ

(d) दीर्घ / प्लुत।

08. मुख के जिस भाग से जिस वर्ण का उच्चारण होता है उसे उसका उच्चारण स्थान कहा जाता है। बताइये उ, ऊ, प वर्ग वर्ण का उच्चारण स्थान निम्न में से कौन-सा है ?

(a) ओष्ठ

(c) नासिका

(b) तालु

(d) दन्त

Knowledge Capsule

09. निम्नांकित में से 'पर्वत' शब्द का पर्यायवाची चुनिए।
(a) अपगा
(b) अंचल
(c) द्रुम
(d) वारिद।

10. निम्नलिखित में से पानी का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
(a) अंबु
(b) सर
(c) मेघपुष्प
(d) नीर।

11. "पहली बार स्कूल आने वाले बच्चे कोरी स्लेट होते हैं जिस पर सूचनाओं और ज्ञान भरना स्कूल का दायित्व है।" इस कथन की पुष्टि के लिए तथ्य है-
(a) यह प्रचलित मान्यता है, जो लगभग सत्य है।
(b) बच्चे अपने आस-पास से बहुत से अनुभव और ज्ञान लेकर आते हैं।
(c) यह कथन सभी बच्चों पर लागू नहीं होती।
(d) शैक्षिक जगत में कोई भी सर्वमान्य परिभाषा इस संबंध में नहीं है।

12. गरिमा कक्षा दो में पड़ती है। वह हर शब्द का उच्चारण अशुद्ध रूप से करती है। महिमा उसकी शिक्षिका है, वह बहुत ही संवेदनशील है। कक्षा के प्रत्येक बच्चे को वह बहुत प्यार करती है। उनकी गलतियों पर डाँटती नहीं बल्कि प्यार से समझाती भी है। महिमा के प्रयास से गरिमा धीरे-धीरे शुद्ध उच्चारण करना सीख गयी है इससे यह सिद्ध होता है कि गरिमा की प्रारंभिक अवस्था में उच्चारण दोष होने का कारण रहा।
(a) अभ्यास का अभाव
(b) ज्ञान का अभाव
(c) भाषा के व्याकरण का अभाव
(d) उचित निर्देशों का अभाव।

13. स्कूल की भाषा और घर की भाषा में अन्तर होने से -
(a) बच्चे पुस्तक नहीं पढ़ पाते
(b) बच्चों को लिखने में कठिनाई होती है।
(c) भाषा सीखने में बच्चों को समस्या होती है।
(d) इसमें कोई नहीं।

14. कौन-सा प्रश्न कक्षा में बहुभाषिकता को परिभाषित करता है
(a) तुम्हारी बड़ी बहन का क्या नाम है ?
(b) अच्छी लगने वाली महक को क्या कहते हैं ?
(c) तुम्हारे घर में तुमने क्या खाया ?
(d) माँ को अपनी-अपनी भाषा में क्या कहते हैं।

15. प्राथमिक स्तर में पढ़ने का अभिप्राय है-
(a) सही-सही उच्चारण करना।
(b) पढ़ने के नियम को जानना।
(c) पढ़ते समय हज्जे कर सही शब्द बनाना
(d) बढ़कर अर्थ ग्रहण करना।

16. निम्नांकित में कौन-सा प्रश्न बच्चों की भाषायी क्षमता के विकास में सबसे अधिक सहायक है ?
(a) बछड़ा अपनी माँ के पास कब गया, उसने अपनी माँ से क्या-क्या बातें की होंगी ?
(b) राम तुम्हारे पिताजी का क्या नाम है ?
(c) प्रिया तुम्हारी सबसे अच्छी सहेली का क्या नाम है
(d) 'हरी घास' शब्द का इस्तेमाल करते हुए एक वाक्य बनाओ।

Knowledge capsule

17. नीचे दिए गए शब्दों में से किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?
(a) निरोध
(b) निंदा
(c) निरत
(d) निग्रह।

18. प्रभावपूर्ण भाषा में वाक्शंशों का अपना महत्व होता है, ये समय की बचत तो कराते ही हैं साथ ही परिपूर्ण अर्थ के घोतक भी होते हैं। इस दृष्टि से 'जो कभी बूढ़ा न हो' इस वाक्शंश के लिए एक शब्द होगा-
(a) अमर
(b) सर्वज्ञ
(c) अतुल
(d) अजर।

19. बच्चे लिखने में गलतियाँ करते हैं, क्योंकि-
(a) लिखने की गलतियाँ बच्चों को सीखने का प्राकृतिक • हिस्सा है।
(b) लिखने का ठीक से अभ्यास नहीं कराया जाता।
(c) शिक्षक बच्चों के कामों का ठीक से जाँच नहीं करते।
(d) बच्चे लिखने में उदासीन होते हैं।

20. मूल्याँकन का सही अर्थ हो सकता है-
(a) बच्चों की व्यक्तिगत और विशेष जरूरतों को पहचानना।
(b) बच्चों के मन में भय पैदा करना, ताकि ठीक से पढ़ें।
(c) बच्चों को कमियों को जानना।
(d) समाज के समक्ष शिक्षा के स्तर को प्रदर्शित करना।

21. नीचे दिए गए वाक्यों में से एक सही वाक्य है। सही वाक्य का चयन कीजिए।
(a) आपका आशीर्वाद आवश्यक है।
(b) आपके आशीर्वाद की आवश्यकता है।
(c) आपकी आशीर्वाद आवश्यक है।
(d) आपका आशीर्वाद आवश्यकीय है।

22. "कभी-कभी बच्चे इस तरह के प्रश्न पूछ लेते हैं कि, हम बड़े भी बगलें झाँगना लगते हैं।"
इस वाक्य में 'बगलें झाँकना' मुहावरे का अर्थ होगा
(a) अत्यधिक प्रसन्न हो जाना
(c) थोथी धमकी देना
(b) उत्तरदायित्व लेना
(d) निरुत्तर हो जाना।

23. निर्देशः नीचे दिए गए में से सही विकल्प को चुनिए।
(a) च+अ+ क् + अ +इ= चक्की
(b) च+अ+क की= चक्की
(c) च् + अ + क् + क् + ई= चक्की
(d) य् + क् + इ= चक्की।

24. तत्सम शब्द अपनी भाषा के मौलिक रूप में बिना किसी परिवर्तन के प्रयुक्त होते हैं जबकि, तद्भव शब्द अपना रूप बदल देते हैं। इस कथन के परिप्रेक्ष्य में 'अक्षत' शब्द का तद्भव रूप होगा-
(a) अख्खत
(b) अखत
(c) अक्क्षत
(d) अच्छत।

25. निम्नांकित में से कौन-सा शब्द सदैव स्त्रीलिंग में ही प्रयुक्त होता है ?
(a) बनावट
(b) बुढ़ापा
(c) लड़कपन(d) हिमालय

Knowledge Capsule

26. किस वाक्य में विशेषण सम्बन्धी अशुद्धि नहीं है ?
(a) कहीं से खूब ठंडा बर्फ लाओ।
(b) आप जैसा अच्छा सज्जन मैंने नहीं देखा।
(c) वहाँ ज्वर की सर्वोत्कृष्ट चिकित्सा होती है।
(d) यह बात एक गोपनीय रहस्य है।

अपठित गद्यांश-दिए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न के (27, 28, 29) उत्तर दीजिए सही विकल्प चुनिए।
सुधार जिस अवस्था में हो, उससे अच्छी अवस्था आने की प्रेरणा हर आदमी में मौजूद रहती है, हम में जो कमजोरियाँ हैं, वह मर्ज की तरह हमसे चिपटी हुई हैं, जैसे शारीरिक स्वास्थ्य एक प्राकृतिक बात है और रोग उसका उलट, उसी तरह नैतिक और मानसिक स्वास्थ्य भी प्राकृतिक बात है और हम मानसिक तथा नैतिक गिरावट से उसी तरह संतुष्ट नहीं रहते जैसे कोई रोगी अपने रोग से संतुष्ट नहीं रहता, उसी तरह हम भी इस फिक्र में रहते हैं कि कमजोरियों को दूर कर अधिक अच्छे मनुष्य बनें, इसलिए हम साधु संतों की खोज में रहते हैं, पूजा-पाठ करते हैं और साहित्य का अध्ययन करते हैं। हमारी सारी कमजोरियों की जिम्मेदारी हमारी कुरुचि और प्रेम भाव से वंचित होने पर है, जहाँ सच्चा सौंदर्य-प्रेम है- वहाँ कमजोरियाँ कहाँ रह सकती है ? प्रेम ही तो आध्यात्मिक भोजन है और सारी कमजोरियाँ इसके न मिलने और दूषित भोजन के मिलने से पैदा होती हैं, कलाकार हम में सौन्दर्य की अनुभूति उत्पन्न करता है और प्रेम की उष्णता, उसका एक वाक्य-हमारे अंतर जा बैठता है कि हमारा अंतकरण प्रकाशित हो जाता है, पर जब तक कलाकार खुद और उसकी आत्मा स्वयं इस ज्योति से प्रकाशित न हो, वह हमें प्रकाश क्यों दे सकता है ?

27. उपर्युक्त गद्यांश के माध्यम से लेखक ने पाठकों को बतलाया है।
(a) प्रत्येक मनुष्य की कमजोरियाँ
(b) शारीरिक स्वास्थ्य
(c) जीवन में प्रेम का महत्व
(d) प्रत्येक मनुष्य की अच्छाईयाँ।

28. लेखक के अनुसार किस भोजन के न मिलने अथवा दूषित भोजन मिलने से सारी कमजोरियाँ उत्पन्न होती हैं?
(a) दूध और अंडा
(b) आध्यात्मिक भोजन
(c) संतुलित भोजन
(d) हरी सब्जियाँ और फल।

29. लेखक के अनुसार हमें कलाकार से क्या प्राप्त होता है ?
(a) उमंग और आनन्द
(b) मनोरंजन
(c) सौन्दर्य की अनुभूति और प्रेम की उष्णता।
(d) अभिनय की कला।

[EXAM YEAR – 2019]

30. स्कूल जाने से पहले बच्चे क्या सीख चुके होते हैं ?
(a) बोलना
(b) लिखना
(c) पढ़ना
(d) उपर्युक्त तीनों।

31. "अपवाद छोड़कर सभी बच्चों के मस्तिष्क को' भाषा अधिग्रहण डिवाइस (एल ए डी)' कहना उचित होगा।'
(a) सही है
(b) आंशिक सही है
(c) गलत है
(d) आंशिक गलत है।

Knowledge Capsule

32. 'विद्याप्रवीण' किस समास का उदाहरण है ?
(a) अधिकरण तत्पुरुष
(b) कर्म तत्पुरुष
(c) सम्प्रदान तत्पुरुष
(d) सम्बन्ध तत्पुरुष।

33. पठन सीखना एक इंटरएक्टिव (Interactive, अन्योन्याश्रित) प्रक्रिया है क्योंकि इसमें शामिल होते
(a) केवल सामग्री के स्त्रोत शामिल होते हैं।
(b) कई तरह के लोग व सामग्री के स्त्रोत शामिल होते हैं।
(c) केवल कई तरह के लोग शामिल होते हैं।
(d) इनमें से कोई नहीं।

34. रचना के अनुसार वाक्य के कितने भेद हैं ?
(a) तीन
(b) चार
(c) पाँच
(d) सात।

35. "संपूर्ण प्रजा अब शांतिपूर्वक एक-दूसरे से व्यवहार करती है और जातिद्वेष क्रमशः घटता जाता है" यह वाक्य निम्नांकित में किस प्रकार का है ?
(a) साधारण वाक्य
(b) मिश्र वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य
(d) इनमें से कोई नहीं

36. 'पढ़ना क्या है ?' प्रश्न का सही उत्तर क्या होगा ?
(a) भाषा अधिग्रहण का एक साधन है।
(b) अर्थ प्राप्त करने के लिए डीकोडिंग प्रतीकों की जटिल संज्ञानात्मक प्रक्रिया है।
(c) पढ़ना आमतौर पर दृश्यात्मक तथा कभी-कभी स्पर्शात्मक होते हैं।
(d) उपर्युक्त तीनों सही हैं।

37. संज्ञा के जिस रूप से संख्या का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं ?
(a) वचन
(b) सर्वनाम
(c) विशेषण
(d) कारक।

38. तद्धित प्रत्यय कहाँ लगता है ?
(a) क्रिया के अंत में
(b) संज्ञा के अंत में
(c) धातु के अंत में
(d) उपर्युक्त सभी।

39. किस विदेशी विद्वान ने देशज शब्दों को मुख्य रूप से अनार्य स्त्रोत से सम्बद्ध माना है ?
(a) ग्रियर्सन
(b) गार्सा द तासी
(c) जॉन बीम्स
(d) जॉन लुइस।

40. ओष्ठों की स्थिति के आधार पर स्वर के कितने भेद होते हैं ?
(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार।

41. 'लौटकर आया हुआ' के लिए एक शब्द है -
(a) अतिथि
(b) आगत
(c) प्रत्यागत
(d) अनागत।

Knowledge capsule

42. निम्नांकित में से कौन सा कथन अपठित गद्यांश के संबंध में गलत है ?
(a) अपठित गद्यांश विषयक कुछ प्रश्न पूछे जाते हैं।
(b) दिए गए अपठित गद्यांश का शीर्षक भी सामान्यतः पूछा जाता है।
(c) अपठित गद्यांश का शीर्षक दिए गए अंश से पृथक होना चाहिए।
(d) दिए गए अपठित गद्यांश के कुछ अंशों के भाव स्पष्ट करने संबंधी प्रश्न भी सामान्यतः पूछे जाते हैं।

43. 'मेहनत कोई करे, लाभ कोई और उठाए'- भावार्थ को बताने वाली लोकोक्ति कौन सी है ?
(a) एक अनार सौ बीमार
(b) अंधा पीसे, कुत्ता खाए
(c) अपनी करनी, पार उतरनी
(d) हाथ सुमिरनी बगल कतरनी।

44. 'पतंग' शब्द का अनेकार्थक है -
(a) चिट्ठी
(b) सूर्य
(c) चमक
(d) चेष्टा।

45. प्रश्नवाचक अव्यय 'न' वाक्य के किस भाग में प्रयुक्त होता है ?
(a) वाक्य के प्रारंभ में
(b) वाक्य के मध्य में
(c) वाक्य के अंत में
(d) उपर्युक्त तीनों में।

46. 'परात' किस भाषा का शब्द है ?
(a) चीनी
(b) देशज
(c) तुर्की
(d) पुर्तगाली।

47. भाषा सीखने का सही मनोवैज्ञानिक क्रम क्या है ?
(a) सुनना, पढ़ना, बोलना, लिखना
(b) बोलना, सुनना, पढ़ना, लिखना
(c) सुनना, बोलना, पढ़ना, लिखना
(d) सुनना, पढ़ना, लिखना, बोलना।

48. "शुक्र ग्रह को 'भोर का तारा' और 'सांध्य-तारा' भी कहा जाता है।" अर्थ- ग्रहण की दृष्टि से इन तीनों के प्रयोगों के अर्थ-वैभिन्य को किसी बच्चे को किस प्रकार समझाना उचित होगा-
(a) मात्र संदर्भ की दृष्टि से
(b) मात्र बोध की दृष्टि से
(c) संदर्भ एवं बोध दोनों दृष्टि से
(d) इनमें से कोई नहीं।

49. संज्ञा या विशेषण से बनने वाली क्रिया को कहते हैं-
(a) प्रेरणार्थक क्रिया
(b) सकर्मक क्रिया
(c) नाम धातु
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं।

50. "मनुष्य को सदा मनुष्य ही होना चाहिए, यही उसका पहला कर्त्तव्य है और यही मनुष्यता है। अभाव के कष्ट और अपूर्णता की वेदना ने हमें मनुष्य बनाया है। जिसने कभी दुख का अनुभव नहीं किया, वह कभी दूसरों के दुख नहीं समझ सकता। पर दुख कातरता एवं परपीड़ा निवारण ही मनुष्यता की सर्वोत्तम एवं सर्वोच्च अवस्था है।"
उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक निम्नांकित में से कौन सा होगा?
(a) मनुष्यता
(b) मनुष्यत्व
(c) मनुष्यता की चरमावस्या
(d) उपर्युक्त तीनों सही है।

Knowledge Capsule

51. 'उल्लंघन' का सन्धि विच्छेद क्या है ?

(a) उत् + लंघन

(b) उ + लंघन

(e) उतः + लंघन

(d) उत + लंघन।

52. 'पंचतंत्र की कथाएँ' किस कौशल विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं ?

(a) भाषायी विकास एवं बोध विकसित करने की दृष्टि से

(b) बच्चे की जिज्ञासा जाग्रत करने एवं कल्पनाशक्ति विकसित करने की दृष्टि से

(c) कहानी के पात्रों के भावों के संपर्क में आने से स्वानुभव का विस्तार करने की दृष्टि से

(d) उपर्युक्त तीनों सही हैं।

53. निम्नलिखित में से उपसर्ग वाले शब्दों का सही वर्ग चुनिये-

(a) अवज्ञा, शक्ति, भिक्षुक

(b) लड़ाई, परिजन, सर्प

(c) उपवन, बचैया, एकता

(d) अवज्ञा, उपवन, परिजन।

54. मुहावरे के संदर्भ में निम्नांकित में कौन सा कथन सही है?

(a) सह स्वतंत्र वाक्य होता है

(b) इसका क्षेत्र लोकोक्ति की तुलना में व्यापक होता है

(c) सामान्यतः इसका संबंध किसी कथा अथवा चिर सत्य से होता है

(d) यह वाक्यांश होता है।

55. इनमें से 'रमणीक' का पर्याय नहीं है-

(a) समीरण

(b) रम्य

(c) सुहावना

(d) मनोहर।

56. निम्नलिखित वाक्यों में भाववाचक संज्ञा है-

(a) पश्चिम बंगाल एक सुन्दर राज्य है।

(b) छोटा नागपुर में लोहे के भण्डार है।

(c) कमरे में चार खिड़कियाँ हैं।

(d) भवन को सजावट अच्छी है।

57. 'तुलसी के वास्ते ही जैसे राम ने अवतार लिया' इस वाक्य में कौन सा कारक है ?

(a) सम्प्रदान कारक

(b) अपादान कारक

(c) अधिकरण कारक

(d) सम्बन्ध कारक।

58. सुनने की निहित क्षमताओं में कौन सी क्रिया शामिल रहती है?

(a) स्मृति की सक्रियता

(b) अर्थ की रचना

(c) बीच में टोकने पर नियंत्रण

(d) उपर्युक्त तीनों।

59. बच्चा अपने जन्म के बाद परिवार में जिस भाषा को सीखता है उसे क्या कहते हैं ?

(a) बोली

(b) मातृभाषा

(c) प्रादेशिक भाषा

(d) राजभाषा।

60. शब्द रचना विधि के आधार पर चार विधियाँ हैं-

(a) तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशज

(b) विकारी, अविकारी, यौगिक, मिश्रित

(c) तत्सम, तद्भव, उपसर्ग, प्रत्यय

(d) उपसर्ग, प्रत्यय, संधि, समास।

Knowledge capsule

## [EXAM YEAR – 2017]

61. "मैं सुबह घूमने जाता हूँ।"
(a) इच्छार्थक वाक्य है
(b) आज्ञार्थक वाक्य है
(c) विधानार्थक वाक्य है
(d) संकेतार्थक वाक्य है

62. बच्चे भाषा सीख लेते हैं-
(a) केवल बच्चों की सहज प्रवृत्ति अर्थात् कुदरती जादू से।
(b) कुदरती जादू और लंबे परिश्रम दोनों के थोड़े-थोड़े योग से।
(c) भाषा सीखने हेतु केवल लंबे परिश्रम से।
(d) कुछ कहा नहीं जा सकता।

63. आकलन प्रक्रिया में अवलोकन तभी सार्थक है, जब-
(a) शिक्षक बच्चों का औपचारिक, अनियमित, पूर्वाग्रह से दूर व रिकार्डेड अवलोकन करता हो।
(b) शिक्षक बच्चों का अनौपचारिक, नियमित, पूर्वाग्रह से दूर व रिकार्डेड अवलोकन करता हो।
(c) शिक्षक बच्चों का अनौपचारिक, नियमित, पूर्वाग्रसित व रिकार्ड न रखते हुए अवलोकन करता हो।
(d) शिक्षक बच्चों का औपचारिक, अनियमित, पूर्वाग्रसित व रिकार्ड न रखते हुए अवलोकन करता हो।

64. 'गरीब के घर में गुणवान का उत्पन्न होना' के लिए उपयुक्त विकल्प होगा -
(a) गुदड़ी का लाल
(b) छप्पर फाड़ के देना
(c) घी के दीए जलाना
(d) दिन दूना रात चौगुना

65. नीचे लिखे शब्द समूहों में जो भिन्न है-
(a) आदमी, समाज, लड़की, सेना
(b) टोली, दल, बाजार, नगर
(c) गुच्छा, ढेर, श्रृंखला, झुंड
(d) परिवार, संघ, बालक, कक्षा

66. वाक्य के गुण की श्रेणी में नहीं है-
(a) आकांक्षा
(b) योग्यता
(c) सन्निधि/आसक्ति
(d) उद्देश्य

67. वनगमन समास है-
(a) द्वन्द्व समास
(b) तत्पुरुष समास
(c) कर्मधारय समास
(d) अव्ययीभाव समास

68. द्विगु समास का उदाहरण नहीं है-
(a) अठन्नी
(b) द्विरद
(c) सतसई
(d) सप्ताह

69. 'अनेक' शब्द का बहुवचन अनेक ही होता है, क्योंकि यह-
(a) विकारी शब्द है
(b) उपसर्ग युक्त शब्द है
(c) अकारान्त है
(d) अविकारी शब्द है।
Ans(*)

Knowledgecapsule

70. बच्चों के मूल्यांकन के लिए जो गतिविधियाँ चुनी जाए, वे हों-
(a) कक्षा में की जाने वाली गतिविधियों से अलग हो लेकिन स्तर व किस्म कक्षानुसार हो।
(b) कक्षा में की जाने वाली गतिविधियाँ ही हों पर उसका स्तर व किस्म कक्षानुसार न हो।
(c) कक्षा में की जाने वाली गतिविधियों से अलग हो तथा उसका स्तर व किस्म कक्षानुसार न हो।
(d) कक्षा में की जाने वाली गतिविधियाँ ही हों साथ ही वे कक्षानुसार स्तर व किस्म के भी हों।

71. निम्नांकित शब्द समूह 'देशज' है-
(a) चिड़िया, घरौंदा, जूता
(b) जादू, कमीना, सूद
(c) औरत, किताब, बाकी
(d) फुनगी, पगड़ी, पलंग।

72. 'नीरव' शब्द का संधि विग्रह है-
(a) निः + रव
(b) नी: + रव
(c) नि + रव
(d) नी + रख ।

73. दिए गए शब्दों में समानार्थक नहीं है-
(a) सरोवर
(b) तालाब
(c) पुष्कर
(d) नद्य

74. जिसे तुरंत उचित उत्तर सूझ जाए, उसे कहते हैं-
(a) मेधावी
(b) प्रत्युत्पन्नमति
(c) कुशाग्रबुद्धि
(d) जिर्माणु।

75. विद्यार्थियों हेतु पढ़ना सीखने के लिए सबसे उपयुक्त होता है-
(a) सामान्यतः पढ़कर उनका उसे समझ पाना।
(b) धाराप्रवाह पढ़ना पर उनको वह समझ में न आना।
(c) मंदगति से पढ़ना लेकिन उसको न समझ पाना।
(d) सही उच्चारण व शुद्ध वाक्य पर ही ध्यान देना लेकिन समझ न पाना।

76. कवि सम्मेलन में कविता पाठ करेंगे और साथ ही वहाँ की ऐतिहासक इमारतों को भी देखेंगे इस कथन में लोकोक्ति है-
(a) जिन ढूंढा तिन पाइयाँ
(b) आम के आम गुठली के दाम
(c) एक पंथ दो काज
(d) होनहार बिरवान के

77. बच्चों को भाषा सिखाने में निम्नांकित समूह में से किस समूह का सर्वाधिक महत्व है?
(a) सही उच्चारण, भाषा व्याकरण की गल्तियाँ व उपयोगी भाषा को।
(b) स्वतंत्र अभिव्यक्ति, भाषा सीखने को प्रोत्साहित करना व शुद्धभाषा को।
(c) स्वतंत्र अभिव्यक्ति, भाषा सीखने को प्रोत्साहित करना व उपयोगी भाषा को।
(d) सही उच्चारण, शुद्ध भाषा व भाषा व्याकरण की गलतियों को।

Knowledge capsule

78. भाषा के संदर्भ में आकलन का उद्देश्य हो-

(a) बच्चों में भाषा की समझ, विभिन्न संदर्भों में उपयोग की क्षमता, उसकी सौंदर्यात्मक पहलू का ज्ञान व प्रदर्शन क्षमता की जाँच हो।

(b) बच्चों के केवल पढ़ने-लिखने के कौशल व व्याकरण की जाँच हो।

(c) बच्चों की शब्द संपदा व व्याकरण ज्ञान की जाँच हो।

(d) बच्चों की शब्द संपदा, व्याकरण ज्ञान व पढ़ने लिखने के कौशल की जाँच हो।

79. शब्दों के अक्षरों का हेर-फेर कहलाता है-

(a) वर्ण विपर्यय

(b) तद्भव

(c) शब्दशोधन

(d) विकृक्ति।

80. 'प्रतिकूल कार्य करने के लिए' उचित मुहावरा होगा

(a) उल्टी गंगा बहाना

(b) उठा न रखना

(c) उन्नीस बीस होना

(d) एक आँख से देखना।

81. स्कूल आने से पहले ही प्रत्येक बच्चा जानकार होता है-

(a) बोलने और लिखने का

(b) सुनने और बोलने का

(c) पढ़ने और लिखने का

(d) बोलने और पढ़ने का।

82. राम ने कहा गाड़ी पलट गई-

(a) सरल वाक्य है

(b) द्वित्व वाक्य है

(c) संयुक्त वाक्य है

(d) मिश्र वाक्य है।

83. 'अंगूठा दिखाना' मुहावरा का अर्थ है-

(a) धोखा देना

(b) काम न करना

(c) झूठ बोलना

(d) अंगूठा को दिखाना।

84. अथ का विलोम शब्द है-

(a) पूर्व

(b) अंत

(c) इति

(d) अनन्त।

85. पढ़ते हुए अर्थ समझने का प्रक्रिया क्रम है-

(a) शब्दों से प्राप्त संकेत

(b) पाठक का पूर्व अनुभव

(c) पाठक का भाषा ज्ञान व सामूहिक समझ

(d) पाठ्य का संदर्भ या फिर अन्य मदद।

(A) (d), (b), (c), (a)

(B) (c), (a), (b), (d)

(C) (a), (b), (c), (d)

(D) (b), (a), (c), (d)

86.प्रारंभिक स्तर पर पढ़ना सिखाने में भाषा शिक्षक के लिए आवश्यक है-

(a) पढ़ने के दौरान सही उच्चारण के लिए बच्चों को न टोका जाए।

(b) बच्चे द्वारा अनुमानित पठन को प्रोत्साहित किया जाए।

(c) पठन में कमजोर विद्यार्थियों को उनके द्वारा चिन्हांकित न किया जाए।

(d) विद्यार्थियों को सुलेख के लिए दबाव दिया जाए।

Knowledge Capsule

87. "रमेश 'जीवनभर' दुःख भोगता रहा।" इस वाक्य में जीवनभर शब्द है-
(a) परिमाणवाचक विशेषण
(b) क्रिया विशेषण
(c) गुणवाचक विशेषण
(d) विशेष्य विशेषण।

88. परसर्ग किसे कहते हैं?
(a) उपसर्ग को
(b) कारक चिह्नों को
(c) प्रत्यय को
(d) वाक्य के अंगों को।

60. हिंदी व्यंजन ध्वनियों में चार अन्तःस्थ व्यंजन है-
(a) श, ष, स, ह
(c) य, र, ल, व
(b) ङ, ञ, ण, म
(d) क्ष, त्र, ज्ञ, श्र

89. 'मित्र, अब जबानी जमा-खर्च करने से कुछ नहीं होगा। कुछ ठोस कार्यवाही करो।' वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित मुहावरा का आशय यह है-
(a) मौखिक कार्यवाही करना
(b) मुफ्त का सलाह देना
(c) मूक सहमति दिखाना
(d) हिसाब-किताब में निपुण।.

90. हमेशा बहुवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है-
(a) सामग्री
(b) अमीर
(c) नारी
(d) शिला।

[EXAM YEAR – 2016]

91. संयुक्त व्यंजन निम्नलिखित वर्ण में है-
(a) ज
(b) ण
(c) त्र
(d) ङ।

92. अभिषेक का संन्धि विच्छेद होगा-
(a) अभिष + एक
(b) अभि + सेक
(c) अभिस + एक
(d) अ + भिषेक।

93. 'श्रीमान्' शब्द उदाहरण है-
(a) संज्ञा
(b) सर्वनाम
(c) विशेषण
(d) क्रिया।

94. 'अधिपति' में उपसर्ग है-
(a) अ
(b) अध्
(c) अध
(d) अधि

95. 'अनिवार्य' का विलोम शब्द है-
(a) अपरिहार्य
(b) अनैच्छिक
(c) ऐच्छिक
(d) आवश्यक।

96. 'बत्तीस दाँतों में जीभ' लोकोक्ति का आशय है-
(a) सुन्दर दंतपंक्ति
(b) खाने के लिए ललचाना
(c) शत्रुओं से घिरा रहना
(d) अधिक बोलने में सहायक।

Knowledgecapsule

97. 'नंदकुमार' का पर्यायवाची निम्नांकित में से नहीं है-
(a) नदलाल
(c) नंदनंदन
(b) नंदकिशोर
(d) नंदराम

98. तुमने इतना अच्छा काम किया और मुझे खबर ही न दी। यह वाक्य है-
(a) विस्मयादिबोधक
(b) इच्छा बोधक
(c) संकेतार्थक
(d) विधानार्थक ।

99. 'दान' शब्द में किस प्रकार की संज्ञा मानी जायेगी ?
(a) गुणवाचक
(b) भाववाचक
(c) जातिवाचक
(d) व्यक्तिवाचक

100. निम्नांकित में से किस शब्द में कर्म तत्पुरुष समास है-
(a) गृहग्राम
(b) गृहागत
(c) गृहप्रवेश
(d) गृहस्वामी।

101. मनुष्य के विचारों को पूर्णता से प्रकट करने वाले पद समूह को कहते हैं-
(a) शब्दकोश
(b) शब्दभण्डार
(c) व्याकरण
(d) वाक्य।

]

102. निम्नांकित शब्द में प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है-
(a) सरकार
(b) ग्रंथकार
(c) पत्रकार
(d) कुंभकार।

103. निम्नलिखित शब्द स्रोत के आधार पर 'कान्हा' शब्द है-
(a) तत्सम्
(b) देशज
(c) तद्भव
(d) विदेशी।

104. 'वह किसे देख रहा है?' वाक्य में रेखांकित शब्द का पद परिचय है-
(a) प्रश्नवाचक सर्वनाम, उभयलिंगी, एकवचन, कर्मकारक
(b) अनिश्चयवाचक सर्वनाम, उभयलिंगी, एकवचन, कर्मकारक
(c) प्रश्नवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्मकारक
(d) प्रश्नवाचक सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक।

निम्न अपठित गद्यांश को पढ़िए एवं प्रश्न संख्या 105 और 106 का उत्तर दीजिए-
आज हिन्दी में आधुनिकतम विषयों पर लेख लिखे जा रहे है, बेशके उनमें भाषा के स्तर पर मिश्रण है पर यह नहीं कहा जा सकता है कि उन लेखों की भाषा हिन्दी नहीं है। यह हिन्दी का आधुनिक रूप है, आधुनिक युग की आवश्यकताओं और माँगों को पूर्ण करने की दिशा में अग्रसर होता आधुनिकीकर रूप, आधुनिकीकरण का परिणाम।

Knowledge capsule

105. पूर्वोक्त अपठित गद्यांश के आधार पर बताइए कि हिन्दी लेखन में कौन-सी विशेष घटना घट रही है ?
(a) नए-पुराने विषयों पर लेख लिखे जा रहे हैं।
(b) कैसे भी विषयों पर लेख लिखे जा रहे हैं।
(c) पुराने विषयों को नए ढंग से लिखा जा रहा है।
(d) आधुनिकतम विषयों पर लेख लिखे जा रहे हैं।

106. उक्त अपठित गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।
(a) आधुनिक हिन्दी
(c) पिछड़ती हिन्दी
(b) बिगड़ती हिन्दी
(d) हिन्दी तब और अब।

107. "लेखन एक संरचनात्मक प्रक्रिया है न कि यान्त्रिक प्रक्रिया।" इस कथन की पुष्टि नीचे दिए गए किस तथ्य से होती है-
(a) लेखन एक प्रकार से अर्थ निर्माण की प्रक्रिया है
(b) लेखन विचारों को व्यक्त करने की प्रक्रिया है
(c) लेखन सीखने की प्रक्रिया जीवनपर्यंत चलती है
(d) उपर्युक्त सभी तथ्य

108. तालव्य ध्वनि नहीं है-
(a) च
(b) छ
(c) ज्ञ
(d) ण

109. मूल्यांकन का सबसे अधिक प्रभावी पक्ष है-
(a) बच्चों की गलतियों को रेखांकित करना
(b) पास-फेल के लिए आधार बनाना
(c) बच्चों को सीखने तथा सिखाने के लिए अवसर तलाश करना
(d) धीमी गति से सीखने वाले बच्चे या होशियार बच्चे का नाम देना।

110. मूल्यांकन का प्रयोजन नहीं है-
(a) उपचारात्मक शिक्षण करना
(b) बच्चों को मूल्यांकन के डर से अध्ययन के लिए प्रेरित करना
(c) अधिगम की कठिनाइयों को पहचानना
(d) सीखने की प्रक्रिया को अभिन्न अंग बनाना।

111. इनमें कौन-सा कथन उपयुक्त/सही नहीं है-
(a) भाषा प्रतीकों का ढाँचा है।
(b) भाषा मानव की जन्मजात सम्पत्ति है।
(c) संस्कृति की तरह भाषा भी विद्यमान है।
(d) भाषाई सम्प्रेषण से जानकारी देते हैं।

112. 'इंसानी भाषा का विकास प्राकृक्तिक वस्तुओं की स्वाभाविक आवाजों को पहचानने से शुरू हुआ' यह कथन है-
(a) सत्य
(b) असत्य
(c) निरर्थक
(d) उपरोक्त में कोई नहीं।

113. पढ़ने का सही अर्थ नहीं है-
(a) लिखे हुए से अर्थ गढ़ना, पढ़ना है
(b) पढ़ने का अर्थ धारणाओं को गढ़ना और अपनी स्मृति में रखना है
(c) पढ़ने का मतलब वर्णमाला की पहचान, शब्द तथा वाक्य को बोलकर पढ़ना ही है
(d) पढ़ना, शब्दों और वाक्यों के अर्थ ग्रहण करने के साथ अनुमान लगाने का कौशल है।

Knowledge capsule

114. "बच्चों की भाषा व भाषा की समृद्धता बनाम गलतियाँ" पर आपका तर्क होगा-

(a) गलतियाँ सीखने के लिए एक और नया अवसर प्रदान करता है

(b) गलतियाँ तो गलतियाँ ही हैं इसके लिए बच्चों को रोकना चाहिए

(c) भाषा की समृद्धता के लिए शब्दकोश व व्याकरण के ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जाए

(d) बच्चों की गलतियों पर ध्यान न देना भाषायी दृष्टि से कमजोर करना है।

115. आंकलन करने के चार मूलभूत तरीकों में क्या सम्मिलित नहीं है ?

(a) परिप्रेक्ष्य आंकलन

(b) व्यक्तिगत आंकलन

(c) सामूहिक आंकलन

(d) स्व-आंकलन।

116. हिन्दी भाषा का मानकीकरण करने वाली संस्था को किस नाम से जाना जाता है ?

(a) हिन्दी भाषा अध्ययन शाला

(b) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

(c) हिन्दी भाषा प्रवर्तक संस्थान

(d) केन्द्रीय हिन्दी विकास संस्थान।

117. बच्चों में भाषायी क्षमता विकास के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण कौशल है-

(a) सुनना और बोलना

(b) पढ़ना और लिखना

(c) लिखना और बोलना

(d) सुनना, बोलना, लिखना, पढ़ना।

118. बच्चा भाषा उत्पादन के लिए कौन-सी प्रक्रिया पूर्ण करता है ?

(a) ध्वनि का उत्पादन

(c) शेष वाक्य की रचना

(b) ध्वन्यात्मक तैयारी

(d) उपर्युक्त सभी।

निर्देश (प्र. सं. 119-123) निम्नलिखित गद्यांश का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

वैज्ञानिक प्रयोग की सफलता ने मनुष्य की बुद्धि का अपूर्व विकास कर दिया है। द्वितीय महायुद्ध में एटम बम की शक्ति ने कुछ क्षणों में ही जापान की अजेय शक्ति को पराजित कर दिया। इस शक्ति की युद्धकालीन सफलता ने अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस आदि सभी देशों को ऐसे शस्त्रास्त्रों के निर्माण को प्रेरणा दी कि सभी भयंकर और सर्वविनाशकारी शस्त्र बनाने लगे। अब सेना को पराजित करने तथा शत्रु देश पर पैदल सेना द्वारा आक्रमण करने के लिए शस्त्र निर्माण के स्थान पर देश के विनाश करने की दिशा में शस्त्रास्त्र बनने लगे हैं। इन हथियारों का प्रयोग होने पर शत्रु देशों की अधिकांश जनता और सम्पत्ति थोड़े समय में ही नष्ट की जा सकेगी। चूँकि ऐसे शस्त्रास्त्र प्रायः सभी स्वतन्त्र देशों के संग्रहालयों में कुछ-न-कुछ आ गए हैं। अतः युद्ध की स्थिति में उनका प्रयोग भी अनिवार्य हो जाएगा, जिससे बड़ी जनसंख्या प्रभावित हो सकती है इसलिए निःशस्त्रीकरण की योजनाएँ बन रही हैं। शस्त्रास्त्रों के निर्माण की जो प्रक्रिया अपनाई गई, उसी के कारण आज इतने उन्नत शास्त्रास्त्र बन गए हैं, जिनके प्रयोग से व्यापक विनाश आसन्न दिखाई पड़ता है। अब भी परीक्षणों की रोकथाम तथा बने शस्त्रों का प्रयोग रोकने के मार्ग खोजे जा रहे हैं। इन प्रयासों के मूल में एक भयंकर आतंक और विश्व-विनाश का भय कार्य कर रहा है।

Knowledge capsule

119. इस गद्यांश का मूल कथन क्या है ?
(a) आतंक और सर्वनाश का भय
(b) विश्व में शस्त्रास्त्रों की होड़
(c) द्वितीय विश्वयुद्ध की विभीषिका
(d) निःशस्त्रीकरण और विश्व शान्ति।

120. भयंकर विनाशकारी आधुनिक शस्त्रास्त्रों को बनाने की प्रेरणा, किसने दी ?
(a) अमेरिका ने
(b) अमेरिका की विजय ने
(c) जापान पर गिराए गए 'अणु बम' ने
(d) बड़े देशों की पारस्परिक प्रतिस्पर्द्धा ने।

[EXAM YEAR – 2014]

121.एटम बम की अपार शक्ति का प्रथम अनुभव कैसे हुआ ?
(a) जापान में हुई भयंकर विनाशलीला से
(b) जपान की अजेय शक्ति की पराजय से
(c) अमेरिका, रूस, ब्रिटेन और फ्रांस की प्रतिस्पर्धा से
(d) अमेरिका की विजय से।

122. बड़े-बड़े देश आधुनिक विनाशकारी शस्त्रास्त्र क्यों बना रहे हैं ?
(a) अपनी-अपनी सेनाओं में कमी करने के उद्देश्य से
(b) अपने संसाधनों का प्रयोग करने के उद्देश्य से
(c) अपना-अपना सामरिक व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से
(d) पारस्परिक भय के कारण।

123. आधुनिक युद्ध भयंकर व विनाशकारी होते हैं, क्योंकि-
(a) दोनों देशों के शस्त्रास्त्र इन युद्धों में समाप्त हो जाते हैं
(b) अधिकांश जनता और उनकी सम्पत्ति नष्ट हो जाती है
(c) दोनों देशों में महामारी और भुखमरी फैल जाती है
(d) दोनों देशों की सेनाएँ इन युद्धों में मारी जाती है।

124. प्रायः निर्दलीय, सत्तारूढ़ दल में सम्मिलित होकर लाभ उठा लेते हैं। उपरोक्त वाक्य के लिए सर्वाधिक उपयुक्त मुहावरा होगा -
(a) बहती गंगा में हाथ धोना
(b) पाँव जमीन पर न रखना
(c) नहले पे-दहला मारना
(d) दो नावों पर पाँव रखना।

125. 'अनुरोध-आग्रह' शब्द युग्म में अनुरोध का अर्थ होता है विनयपूर्वक याचना करना, तो 'आग्रह' का आशय होगा-
(a) अधिकार-भावना से उद्भूत याचना
(b) अधिकार-भावना से सहृदय याचना करना
(c) अधिकार-भावना को स्वीकार करना
(d) अधिकार-भावना की कदापि उपेक्षा न करना।

126. 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' के लेखक हैं-
(a) यशपाल
(b) नागार्जुन
(c) गजानन माधव मुक्तिबोध
(d) अमृतराय।

127. रामधारी सिंह 'दिनकर' की रचना नहीं है-
(a) उर्वशी
(b) रेणुका
(c) रश्मिरथी
(b) स्वर्णधूलि ।

128. धातु में प्रत्यय जोड़ने से बने शब्द कहलाते हैं-
(a) विशेषण
(b) कृदन्त
(c) क्रिया
(d) तद्धितान्त।

Knowledge Capsule

129. निम्नलिखित विकल्पों में से 'तद्भव' शब्द है-

(a) अगम

(b) आश्रय

(c) अवगुण

(d) स्नेह।

130. 'हरियाली' है-

(a) जातिवाचक संज्ञा

(c) भाववाचक संज्ञा

(b) समूहवाचक संज्ञा

(d) विशेषण।

131. निम्नलिखित में 'पुल्लिंग' शब्द है-

(a) बुढ़ापा

(b) जड़ता

(c) घटना

(d) दया।

132. कौन-सा शब्द 'अव्यय' नहीं है ?

(a) आज

(b) कल

(c) इधर

(d) किसे

133. रीतिवाचक' किया-विशेषण' है-

(a) अत्यन्त

(b) आजकल

(c) कदाचित्

(d) बाहर।

134. 'गुडाकेश' का सन्धि-विच्छेद है-

(a) गुडा + केश

(b) गुड़ाके + ईश

(c) गुडाका + ईश

(d) गुड + आकेश।

135. निम्नलिखित में लोकोक्ति कौन-सी है ?

(a) आसमान पर थूकना

(b) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे

(c) गूलर का फूल होना

(d) कोढ़ में खाज होना।

136. 'निर्विवाद' में समास है-

(a) कर्मधारय

(b) अव्ययीभाव

(c) तत्पुरुष

(d) बहुव्रीहि।

137. निम्न में तत्पुरुष समास का उदाहरण है-

(a) एकतरफा

(b) धनंजय

(c) आत्मनिर्भर

(d) वक्रतुण्ड।

138. निम्नलिखित विकल्पों में से 'तत्सम' शब्द है-

(a) नारियल

(b) उपरोक्त

(c) तुरन्त

(d) आलस्य

139. 'जो किसी बात या उक्ति को तुरन्त सोच 'ले' के लिए एक शब्द होगा-

(a) प्रतिभाशाली

(b) कुशाग्रबुद्धि

(c) प्रत्युत्पन्नमति

(d) बुद्धिमान।

Knowledge capsule

140. 'प्रागैतिहासिक' का अर्थ है-
(a) सभ्यता के विकास का इतिहास
(b) आदि मानव की संस्कृक्ति
(c) लिखित इतिहास के बाद का
(d) लिखित इतिहास के पहले का।

141. निम्नलिखित में से किस शब्द का निर्माण उपसर्ग से नहीं हुआ ?
(a) अवसाद
(b) उन्नति
(c) सज्जन
(d) प्रहार।

142. निम्नलिखित में प्रत्यय युक्त शब्द है-
(a) बोली
(b) भाषा
(c) पिपासा
(d) अंकुर

143. निम्नलिखित में प्रत्यय युक्त शब्द है-
(a) सादर
(b) सावधान
(c) स्वभाव
(d) समझदार

144. निम्नलिखित शब्द की सही वर्तनी कौन-सी है ?
(a) ज्योत्सना
(b) ज्योत्स्ना
(c) ज्योतस्ना
(d) ज्योस्तना

145. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'रात्रि' का पर्यायवाची नहीं है ?
(a) क्षपा
(b) शशक
(c) शर्वरी
(d) यामिनी

146. 'निषिद्ध' शब्द का विलोम है-
(a) विहित
(b) संदिग्ध
(c) अनुपयोगी
(d) प्रतिबन्धित।

147. निम्नलिखित शब्दों में से 'अग्नि' का पर्यायवाची है-
(a) पीयूष
(b) पावक
(c) अम्बर
(d) मयंक।

148. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन-सा वाक्य सर्वाधिक सही है ?
(a) यद्यपि तुम अजनबी हो, परन्तु मैं तुम्हें अपना मानता हूँ
(b) यद्यपि तुम अजनबी हो, मैं तुम्हें ही अपना मानता हूँ
(c) यद्यपि तुम अजनबी हो, किन्तु मैं तुमको ही अपना मानता हूँ
(d) यद्यपि तुम अजनबी हो, तथापि मैं तुम्हें अपना मानता हूँ।

Knowledge capsule

149. 'हमेशा आनन्द का अनुभव करना' अर्थ को व्यक्त करने के लिए सटीक लोकोक्ति है-

(a) सदा दीवाली संत की, बारह मास बसंत

(b) न सावन सूखा, न भादों हरा

(c) जहाँ चाह वहाँ राह

(d) आप भला तो जग भला

150. स्वर्ण शब्द है-

(a) तत्सम

(b) तद्भव

(c) देशज

(d) विदेशी

## [EXAM YEAR – 2012]

151. 'पाश्चात्य' का विपरीतार्थी शब्द है-

(a) पौर्वात्य

(b) पूर्वात्य

(c) पौरवात्य

(d) पुरुवात्य

152. विद्या+आलय = विद्यालय शब्द में है-

(a) गुण स्वर संधि

(b) वृद्धि स्वर संधि

(c) यण स्वर संधि

(d) दीर्घ स्वर संधि

153. निम्नलिखित वाक्यों में अकर्मक क्रियार्थक वाक्य है-

(a) बूंद-बूंद से घड़ा भर जाता है।

(b) इस टब को पानी से भर दो।

(c) माँ बेटे को खाना खिला रही है।

(d) चाचाजी ने मुझे पत्र लिखा है।

154. कबीर कल बहुत सुन्दर दिख रहा था। उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या है ?

(a) संज्ञा

(b) सर्वनाम

(c) कारक

(d) विशेषण

155. अनुपम शब्द का पर्यायवाची शब्द इनमें से कौन-सा नहीं है-

(a) अतुल

(b) अनिल

(c) अपूर्व

(d) अनोखा

156. नीचे लिखे वाक्यों में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?

(a) इन दस वर्षों में देश ने काफी प्रगति की

(b) इन दस वर्ष में देश ने काफी प्रगति की

(c) इचर दस वर्ष में देश ने काफी प्रगति की

(d) इन दस वर्षों में देश ने काफी प्रगति करना है।

157. कौन-सा शब्द हिरण का स्त्रीलिंग रूप है।

(a) हरिणी

(b) हिरिनी

(c) हिरणो

(d) हिरिणी

158. वर्ण में 'इक' प्रत्यय लगाने पर बनने वाला शब्द होगा-

(a) वर्णिक

(b) वणिक

(c) वर्णइक

(d) वार्णिक

Knowledge capsule

159. 'पशुता' शब्द उदाहरण है-
(a) व्यक्तिवाचक संज्ञा का
(b) द्रव्यवाचक संज्ञा का
(c) भाववाचक संज्ञा का
(d) जातिवाचक संज्ञा का

160. 'आमरण' शब्द के प्रारम्भ में लगे 'आ' को व्याकरण की दृष्टि से क्या कहते हैं ?
(a) मूलशब्द
(b) उपसर्ग
(c) प्रत्यय
(d) तद्धित प्रत्यय

161. 'जनतंत्र' शब्द निम्नांकित में से किस समास-प्रकार के अंतर्गत है-
(a) सम्प्रदान तत्पुरुप समास
(b) कर्म तत्पुरुष समास
(c) सम्बन्ध तत्पुरुष समास
(d) करण तत्पुष समास

162. चे शब्द जो प्रकृति प्रत्यक्ष अथवा दूसरे शब्दों के योग से बने हों, कहलाते हैं-
(a) योगरुद
(b) रूढ़
(c) सरल
(d) यौगिक

163. कौनसा तुमने यह मोबाइल फोन मोल में खरीदा है, जो इसके मॉडल की इतनी बुराई कर रहे हो। अरे भाई 1 खाली स्थान के लिए सर्वाधिक उपयुक्त लोकोक्ति पर चिह्न लगाइये।
(a) तथा नी दिन पुराना. मी दिन
(b) दान की बलिना के दाँत नहीं देखे जाते
(c) नाक कटी पर थी तो चाटा
(d) नाम बड़े और दर्शन घंटे

164. शब्द की सही बर्तनी है-
(a) सौंदर्यवर्द्धक
(b) सौदर्यवर्दक
(c) सौंदर्य वर्दक्य
(d) सौंदर्यवर्षक

प्रश्न क्रमांक 145 और 146 के लिये निर्देश- निम्नलिखित मापठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दोजिए।
भाषा एक है। इन प्रतीकों से बनी भाषा द्वारा ही एक पीढ़ी दूसरी पीढ़ी तक संस्कृतिक विचार व धरोहर संचारित होती है। यह संस्कृति का अहम हिस्सा है। संस्कृति की तरह ही भाषा इंसान के पैदा होने से पहले ही उपस्थित रहती है।अमरीका में पैदा होने वाला बच्चा अंग्रेजी भाषा के संपर्क में आता है, रूस में पैदा होने वाला रूसी के, इसी तरह भाषाएँ अलग-अलग समाजों में प्रतीकात्मक समझ के लिए एक संदर्भ प्रदान करती हैइस मायने में भाषा संस्कृक्ति का हिस्सा है जो इंसान को अनुभवातीत करता है। भाषा के बिना संस्कृक्ति को संचारित करने में परेशानी होगी। संस्कृति के बिना मानव अपनी अद्वितीय मानवता खो देंगे।

165. 'अनुभवातीत' का मतलब है।
(a) अतीत का अनुभव
(b) अनुभव का अतीत
(c) अनुभव के परे
(d) अनुभव हीनता

166. कौनसा कथन सही नहीं है ?
(a) भाषा प्रतीकों का व्यवस्थित ढाँचा है।
(b) भाषा हमारे अनुभव बाँटने के काम आती है।
(c) भाषा बिना संस्कृति संचारित नहीं हो सकेगी
(d) संप्रेषण के लिए बोली हुई भाषा आवश्यक है।

Knowledge Capsule

167. निम्नांकित में से कौनसा सिद्धान्त भाषा के उद्भव और विकास से सम्बंधित है-
(a) बिग बैंग सिद्धान्त
(b) डिंग डांग सिद्धान्त
(c) बिली-बैली सिद्धान्त
(d) डिली-डैली सिद्धान्त

168. मानव और पशुओं की भाषा सीखने की क्षमता के अध्ययन सम्बंधी प्रयोग हुए अधिकतर –
(a) चूहे व बिल्लियों पर
(b) चिम्पैजी और वानरों पर
(c) खरगोश व मेमने पर
(d) कुत्ते और सियारों पर

169. 'भाषिक सापेक्षता' के सम्बन्ध में प्रचलित व्याख्या की दृष्टि से सही है-
(a) भाषा का विचारों पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है।
(b) भाषा विचारों को प्रभावित नहीं करती।
(c) भाषा कुछ हद तक विचारों को प्रभावित करती है।
(d) इनमें से तीनों सही है।

170. पढ़ने में बाधा नहीं है-
(a) सारे नियम पहले ही बता डालना
(b) उच्चारण पर ही जोर देते रहना
(c) सटीकता पर ही जोर देना
(d) लिखी हुई चीज का अर्थ निकालना

171. बच्चे के सीखने की प्रक्रिया में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका होगी-
(a) बच्चे द्वारा भाषायी प्रयोग के नियम पकड़ना
(b) बच्चे का उच्चारण
(c) व्याकरण का ज्ञान
(d) पाठ्य पुस्तकों की सामग्री

172. पढ़ना क्या है?
(a) पढ़कर अर्थ समझना
(b) लिखित सामग्री का उच्चारण
(c) स्कूल में पुस्तकों को पढ़ाई
(d) शब्दों को सही-सही पहचानना

173. बच्चों में भाषा सीखने की क्षमता एवं समझ विकसित हो, इसके लिए आवश्यक है कि-
(a) जिस भाषायी शैली में वक्ता व बच्चा सहज हो उसी का प्रयोग करना चाहिए।
(b) जिस भाषायी शैली में वक्ता सहज हो, उसी का प्रयोग करना चाहिए।
(c) जिस भाषायी शैली में वक्ता असहज हो व बच्चा सहज हो, उसी का प्रयोग करना चाहिए।
(d) जिस भाषायी शैली में वक्ता सहज हो व बच्चा असहज हो, उसी का प्रयोग करना चाहिए।

174. इंसान और जानवर की भाषा में फर्क है-
(a) ध्वनि का फर्क है।
(b) सुरों का फर्क है।
(c) इंसानों की भाषा को सांकेतिक ध्वनि चिह्नों (संकेतों) के माध्यम से निर्धारित किया गया है, जबकि जानवरों की भाषा को नहीं।
(d) इनमें से तीनों सही हैं।

175. "लिखित भाषा में अक्षर ध्वनियों के दृश्य प्रतीक होते हैं। सामान्यतः आकृतियों व ध्वनियों का संबंध सुस्थिर तथा सार्वभौम होता है।"
(a) पूर्णतया असत्य है।
(b) आंशिक रूप से सत्य है।
(c) आंशिक रूप से असत्य है।
(d) पूर्णतया सत्य है।

Knowledge capsule

176. भाषायी ज्ञान का मूल्यांकन होता है।
(a) मात्र लिखित परीक्षा के माध्यम से।
(b) मात्र मौखिक परीक्षा के माध्यम से।
(c) लिखित एवं मौखिक दोनों परीक्षा के माध्यम से।
(d) इनमें से किसी माध्यम से नहीं।

177. निम्नांकित में कौन सा कथन सही है-'अगर कोई बच्चा गलती कर रहा है तो वह-
(a) भाषा सीख रहा है।
(b) भाषा को भ्रष्ट कर रहा है।
(c) भाषा सीख ही नहीं रहा है।
(d) तुरंत रोकने के लायक है।

178. बच्चे की भाषायी क्षमता के आकलन का सही तरीका यह नहीं है।
(a) बच्चे का व्यक्तिगत आंकलन
(b) बच्चे का सामूहिक आकलन
(c) बच्चे द्वारा स्व आकलन
(d) पेपर पेंसिल आकलन

Knowledge capsule